हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

12 एक करोड़ 67 लाख के स्त्रोत को लेकर पुलिस ...



14 सशिमं में हुआ विदाई एवं पुरस्कार वितरण ...





# होली पर रहा भद्रा का साया, आज खेली जाएगी रंगों की होली


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि को किये जाने वाले होलिका दहन के शुभ मुहुर्त को लेकर इस वर्ष पंडितों के बीच मतभेद है। इस वर्ष गुरूवार को भ्रदाकाल होने के कारण नगर में होलिका दहन भ्रद्रा रहित शुभ मुहुर्त में गुरुवार की रात 11.26 बजे के बाद किया जावेगा। होलिका की विशेष पूजा अर्चना करने के बाद शुक्रवार को सुबह से रंग पर्व मनाया जावेगा।

प्रचलित मान्यता के अनुसार होलिका दहन के दौरान विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने से परिवार में सुख–शांति, समृद्धि बढ़ती है और नकारात्मकता खत्म होती है। पूजा के दौरान अक्षत, रोली–चंदन, मौली, गंगाजल, हल्दी, दीपक, मिष्ठान आदि अर्पित किया जाता है। इसके बाद होलिका में आटा, गुड़, गुग्गुल, जौ, कपूर, तिल, धूप, घी, आम की लकड़ी और गाय के गोबर से बने उपले या गोइठा डालकर सात बार परिक्रमा की जाती है।

**हनुमान मंदिर में दीपक जलाना लाभकारी:** होलिका दहन की शाम हनुमान मंदिर में चमेली के तेल का आटे का दीपक जलाना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। इसके बाद सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। इससे ग्रहों के अशुभ प्रभाव दूर होते हैं और सभी तरह की परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

## रात 11.29 बजे के बाद किया गया दहन, लोगों ने परिवार की सुख शांति के लिए प्रार्थना की



### उत्तर दिशा के स्वामी है भगवान कुबेर

शास्त्री कालू महाराज के अनुसार होलिका के जलने के बाद उसमें चना या गेहूं की बाली को सेंककर प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। होलिका दहन के स्थान पर आटे के दीपक जलाने चाहिए, होलिका दहन के दिन घर के मुख्य द्वार के दाहिनी ओर आटे का पंचमुखी दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस स्थान पर दीपक जलाने से राहु के दुष्प्रभाव कम होते हैं और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है, जिससे परिवार में सुख–समृद्धि और शांति बनी रहती है। होलिका दहन के दिन घर के उत्तर दिशा और ईशान कोण में एक–एक आटे का दीपक जरूर जलाएं। उत्तर दिशा के स्वामी भगवान कुबेर हैं, जो धन और यश देते हैं, जबकि ईशान कोण के स्वामी गुरु ग्रह हैं, जो ज्ञान और समृद्धि देते हैं।इन दिशाओं में दीपक जलाने से धन–वैभव में बढ़ोतरी होती है। भाग्य का साथ मिलता है और कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति अनुकूल रहती है।

## खबर संक्षेप

### मुंडा में उपसरपंच बनीं मुकेश्वरी वर्मा



**मुंडा।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार के सभी 106 पंचायतों में 12 मार्च को उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। उपसरपंच के निर्वाचन के लिए ग्राम पंचायत को मतदान केंद्र बनाया गया था। कहीं उपसरपंच के लिए मतदान तो कहीं उपसरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में मुकेश्वरी मनीराम वर्मा को 13 वोट, वहीं नीलम मुकेश वर्मा को 6 वोट और दो मत रिजेक्ट हुए। इस तरह मुकेश्वरी मनीराम वर्मा ग्राम पंचायत मुंडा के उपसरपंच निर्वाचित हुए। उपसरपंच निर्वाचित होने पर मुकेश्वरी मनीराम वर्मा को सरपंच एवं पंचों ने गुलाल लगाकर बधाई दी। इसी तरह ग्राम पंचायत चिरपोटा में पूरन वर्मा, कोहरौद में मधु मनोज मारकंडेय, जामडीह में पुरुषोत्तम वर्मा निर्विरोध उपसरपंच चुने गए एवं ग्राम पंचायत कारी में कावेरी संतोष वर्मा, कोलिहा में पुष्पा बाई वर्मा, तिल्दा में अंजनी बाई पटेल, गबौद में पूर्णिमा गिरी, धाराशिव में सुनीता दीनदयाल चेलक, कोनारी में गंगाराम साहू निर्वाचित हुए।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में बाइक चालक की हुई मौत के मामले की पुलिस ने जांच की। जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रमेश कुमार कैवर्त पिता कार्तिकराम कैवर्त (49 साल) निवासी कुकुर्दीखुर्द थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर की मौत के मामले की जांच की गई। जांच पर पाया गया कि घटना दिनांक 16 जनवरी को मृतक रमेश कुमार कैवर्त अपनी मोटर सायकल टीवीएस स्पोर्ट क्र. सीजी 24 एस 2639 से अपने गांव कुकुर्दीखुर्द से तुमगांव होते हुए दुर्ग जा रहा था, दोपहर लगभग 12:45 बजे ग्राम बिरकोनी इंडियन पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था, उसी समय इंडियन पेट्रोल पंप के सामने सरायपाली से रायपुर मार्ग ग्राम बिरकोनी के पास मेटाडोर वाहन क्र. सीजी 06 जीवाई 3262 के चालक ने अपने वाहन को एनएच. 53 रोड ऊपर बिना किसी संकेतक बोर्ड लगाए व बिना इंडीकेटर जलाए खड़ा कर दिया था। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी, जिसके कारण मोटर सायकल चालक रमेश कुमार कैवर्त टकरा गया। जिससे आई चोट का इलाज कराने के लिए सरकारी अस्पताल तुमगांव लेकर गया। जहां पर मृत घोषित कर दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 285, 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गोस्वामी समाज का होली मिलन 16 को

महासमुंद। छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद का होली मिलन कार्यक्रम 16 मार्च रविवार को ग्राम लभरा कला में रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास स्थान पर आयोजित किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि होली मिलन का कार्यक्रम पारंपरिक रूप से रंग गुलाल लगाकर तथा नगाड़े की थाप पर फाग गीत गायन के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले सदस्यों तथा पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, हुलास गिरि, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, देव गिरि, डोगेंद्र गिरि आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

**पर्व :** मदिरालयों में उमड़ी भीड़, देर शाम तक लगा रहा मेला

# रंगों का पर्व होली आज मनाएंगे नगाड़ों की दुकानें सजीं, बिक्री फीकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वर्तमान समय में आमजनों की व्यस्त दिनचर्या तथा बच्चों द्वारा शिक्षा और मोबाइल, टीवी पर अधिक समय बिताने के चलते होली का रंग फीका पड़ते जा रहा है। कुछ वर्षों पूर्व तक जहां फाल्गुन माह लगते ही नगर में जगह–जगह नंगाड़ों की गूंज के साथ फाग गीतों का दौर शुरू हो जाया करता था। इस दौरान लोग कई घंटों तक बैठकर होली की मस्ती मनाते दिखाई दिया करते थे तथा रंग पर्व से लेकर रंग पंचमी तक बच्चों द्वारा रंगों की बौछार कर राहगिरों को होली का अहसास कराते दिखाई दिया करते थे, लेकिन धीरे–धीरे समय में बदलाव के साथ अब यह पर्व केवल एक दिन भी नहीं बल्कि कुछ घंटों भीतर समाप्त हो जाता है।



### होली पर्व पर मदिरा की रिकार्ड बिक्री

होली पर्व के बदलते स्वरूप और लोगों द्वारा बड़ी संख्या में मदिरापान कर इस पर्व को मनाने के कारण मदिरालयों में शराब की बिक्री से होने वाली आय में रिकार्ड इजाफा होने लगा है। व्यक्त अनुमान के अनुसार जिले में होली पर्व के दौरान शराब की बिक्री से एक दिन में पांच करोड़ से अधिक आय हो सकती है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह से जानकारी मांगने पर शराब बिक्री से प्राप्त आय की जानकारी होली पर्व के पश्चात उपलब्ध करा दिये जाने की बात कही गई है।



### नगाड़ों की बिक्री लगातार घट रही

बिलासपुर से नंगाड़ा लेकर बेचने के लिए बलौदाबाजार आये मंगत राम के अनुसार पहले होली पर्व के दौरान नंगाड़ा की बिक्री अच्छी होने से आमदनी ठीकठाक हो जाया करती थी, किंतु लगातार बिक्री घटने से अब यह व्यवसाय फायदेमंद नहीं रह गया है। पैतृक व्यवसाय होने के कारण वे इस साल भी नंगाड़ा बेचने के लिए एक सप्ताह पूर्व से यहां आये है, किंतु बड़े नंगाड़ों की बिक्री बिल्कुल नहीं हुई है। सिर्फ बच्चों की जिद्द को पूरा करने हेतु ग्राहक छोटे नंगाड़े खरीदने के दौरान भी काफी मोल भाव करने से आमदनी नहीं हो पाने के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया है।

# पुटपुरा का निर्विरोध उपसरपंच बने हेमलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विकासखंड कसडोल के तुरतुरिया अंचल के आदर्श ग्राम पंचायत पुटपुरा में बुधवार को उपसरपंच पद का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। ग्राम पंचायत में कुल 11 वार्ड है, जिसमें वार्ड नं. 5 के निर्विरोध पंच हेमलाल साहू को सभी पंचों और सरपंच मिलाकर 12 लोगो ने निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया। बता दें कि हेमलाल साहू लगातार दो पंचवर्षीय में अपने वार्ड से निर्विरोध पंच बन रहे हैं। सरल स्वभाव मिलनसार व्यक्तित्व वाले हेमलाल साहू पेशे से भवन ठेकेदार है, जो अंचल में अपने बेहतरीन कार्यों के लिए जाने जाते हैं। जनसेवा की भावना से परिपूर्ण हेमलाल, अपनी लगन मेहनत से लोगों के दिल में जगह बना कर इस बार अपने ग्राम पंचायत के निर्विरोध उप सरपंच बनाए गए हैं। ग्राम पंचायत पुटपुरा के उप सरपंच चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के तौर पर अरुण कुरुवंशी शामिल रहे। उन्होंने पंचों के सहमति से हेमलाल को उपसरपंच निर्वाचित होने के घोषणा कर प्रमाण पत्र दिया।

उपसरपंच निर्वाचन के दौरान ग्राम पंचायत भवन में सचिव चंद्रभान पटेल, सरपंच ललित कुमार पैकरा, नवनिर्वाचित पंच सावन बाई, सरोजनी बाई, नागेश्वरी, कांशीराम, धनेश्वर निषाद, मनहरण निषाद, सुख बाई, हेमांद्री साहू, गजाधर निषाद, श्यामलाल निषाद और गौकरण, ग्राम कोटवार लक्ष्मणदास सहित ग्राम के मुखिया बुजुर्ग, महिला और युवा उपस्थित रहे। उपसरपंच बनने के बाद ग्राम पुटपुरा और आश्रित ग्राम पैरागुड़ा में विजय रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामवासी नाचते हुए खुशी जाहिर कर हेमलाल को बधाई दिए और ग्राम पंचायत के विकास में अच्छे कार्य करने उम्मीद जताये।

## सकरी के उपसरपंच बने धनेश वर्मा



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत सकरी में बुधवार को उपसरपंच चुनाव में धनेश वर्मा विजयी हुए। उपसरपंच पद पर विजयी होने के पश्चात श्री वर्मा ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ ग्रामवासियों ने मुझे चुना है, उसे पूर्ण निष्ठा के साथ करूंगा। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों की पहली प्राथमिकता ग्राम सकरी के मूलभूत सुविधा पानी, बिजली व सफाई होगी। इसके साथ ही गांव में विकास कार्य करने तथा सुन्दर व स्वच्छ बनाने योजना तैयार की जावेगी। उपसपंच पद पर आसीन होने पर श्री वर्मा को सरपंच हरीश फेकर, ईश्वर साहू, गोपाल वर्मा, सोनसाय वर्मा, गिरवर वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, विद्याभूषण वर्मा, शेखर वर्मा, जीवन वर्मा, खिलेश्वर साहू, प्रेमु साहू, परस साहू, मुखी साहू, पुनीत साहू सहित ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

## होली के लिए थाना में हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



तहसील भटगांव के पुलिस थाना परिसर में तहसीलदार नीलिमा अग्रवाल थाना प्रभारी भगवती प्रसाद कुर्रे और अंचल के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों की उपस्थिति में होली पर्व शान्ति पूर्ण मानने शांति समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर थाना प्रभारी भगवती प्रसाद कुर्रे ने लोगों से अपील की कि होली पर्व सौहाद्र और शांति पूर्ण मनाएंगे। शराब पीकर हुड़दंगबाजी नहीं करने व शराब पीकर दोपहिया वाहन न चलाने की आग्रह किया। थाना प्रभारी ने कहा कि जो व्यक्ति शहर सहित अंचल में हुड़दंग बाजी करेंगे, उसके प्रति कानूनी कार्रवाई होगी। वहीं उपस्थित नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लाक अध्यक्ष सहदेव सिंह सिदार, तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, योगेश केशरवानी, गनपत बंजारे, रामदुलार साहू, उमाशंकर धीवर, सहित संजीव गुड्डा साहू, कमलेश कुर्रे, नेमीचंद केशरवानी, लक्ष्मण जोल्हे व आस पास के सरपंच-पार्षद विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मुचलका जमानत में लापरवाही करने पर प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला में पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने थाना प्रभारी लवन द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अवैध पारितोष की मांग करने के आरोपी प्रधान आरक्षक मुकेश दीवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार मुख्यालय में उपस्थिति देने का आदेश जारी किया है।

थाना प्रभारी लवन द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार लवन थाना में 296, 115 (2), 351(2), 3(5) बीएनएस के प्रकरण में विवेचना अधिकारी प्रधान आरक्षक मुकेश दीवान द्वारा आरोपीगणों को मुचलके पर छोड़ने हेतु 30 हजार रूपये अवैध पारितोष की मांग करना परिलक्षीत होना प्रतिवेदित किया गया है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रधान आरक्षक के उक्त कृत्य को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासन हीनता प्रदर्शित करते हुए आमजनता में पुलिस की छवि को धुमिल किया जाना मानते हुए 11 मार्च 2025 को आदेश जारी कर प्रधान आरक्षक मुकेश दीवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार मुख्यालय निर्धारित किया गया है तथा मामले की जांच हेतु केसर पराग बंजारा निरीक्षक थाना प्रभारी लवन को प्राथमिक जांचकर्ता अधिकारी नियुक्त कर सात दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

## महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने ग्राम बेलमुंडी के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बेलमुंडी के पास आरोपी जगन्नाथ सागर के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

कार्यक्रम में बच्चों ने तिलक होली मनाने का संकल्प लिया

# स्कूल में छात्रों ने उड़ाए रंग और गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विधालय हिरमी एवं सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने होली समारोह में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। शिक्षकों ने सभी बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों द्वारा होली से संबंधित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने फूलों की होली खेलकर व तिलक लगाकर होली मनाई। साथ ही बच्चों को होली के त्यौहार के बारे में बताया गया और जल संरक्षण की सीख दी गई। स्कूल में बच्चों को तिलक होली मनाने का संदेश दिया गया। स्कूल में होली के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि रंगों से त्वचा व आंखों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। पानी का पहले ही अभाव है। इसलिए गुलाल का प्रयोग करें और पानी बचाएं। बच्चों ने भी तिलक होली लगाने का संकल्प लिया। शाला के बच्चों और शिक्षकों ने एक–दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। शिक्षकों ने बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीतों का आनंद लिया। शाला में वर्ष भर त्यौहारों के अवसर पर कार्यक्रम किया जाता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को त्योहारों के बारे में जानकारी देना होता है।

होली की इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पीआर वर्मा, दिलेश्वर मढ़रिया, अजय निर्मलकर, हरिश वर्मा, रमा वर्मा, राजकपूर, पंकज, शैल, रमा, सीमा वर्मा, छाया, पूर्णिमा, श्वेता वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। सूखे रंगों से ही होली खेले शिक्षकों ने बताया कि होली हमेशा सूखे रंगों से ही खेलना चाहिए। इससे कई प्रकार की त्वचा की बीमारियों से बचा जा सकता है।

■ रंग बरसे गीत पर जमकर थिरके



### फिल्मी गीतों की धुन पर शिक्षक भी थिरके

छात्रों का उत्साह देखने लायक था। छात्र–छात्राओं ने फिल्मी गीतों से लेकर गांव में गाये जाने वाले फाग गीत गाये। फाग के गीतों पर छात्रों ने जमकर धमाल मचाया। गीत गाते छात्रों ने जब गुलाल उड़ाया तो स्कूल में शिक्षक व छात्रों की बीच की खाई खत्म हो गई। दोनों ने एक दूसरें को जमकर अबीर–गुलाल लगाया। जिसमें फिल्मी होली के गीतों पर छात्रों ने जमकर डांस किया। इस दौरान शिक्षक भी थिरकने लगे।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468


ग्राम पंचायत कोनारी वि.खं. पलारी की ओर से
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. अश्वनी रजक
जनपद सदस्य
अनुराधा पाठक
सरपंच
गंगाराम साहू
उपसरपंच निर्वाचित
भोजराम पटेल
सचिव
अनील पाठक
सरपंच प्रतिनिधि
पंचगण
सरोजनी ठाकुर
राधिका साहू
गिरीश ध्रुव
चद्रमणी पटेल
लोकनाथ साहू
सावित्री रजक
शशिप्रभा पटेल
अनुपा बघेल
डिप्लेश भाई
उमा साहू
उमा साहू
दिनेश्वरी कुर्रे
कृष्ण कुमार खेलवोर
फीरन टंडन


ग्राम पंचायत मल्लिन वि.खं. पलारी की ओर से
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. अश्वनी रजक
जनपद सदस्य
रामकली महेश मिर्झा
सरपंच
बुन्दा बाई साहू
उपसरपंच
भोजराम पटेल
सचिव
पंचगण
टिकेश्वर ध्रुव
शशि ध्रुव
कलीराम साहू
नारायण प्रसाद साहू
उधो साहू
जीवराखन साहू
फोटोबाई मानिकपुरी
पूर्णिमा ध्रुव
सुमित्रा साहू
अंजोरदास नारंग
पंचगण : बाल मुकुंद ध्रुव, संतवतीन ध्रुव, प्रियंका भारद्वाज,
नोखराम बंजारे, संध्या बेना, सावित्री मानिकपुरी,
परमेश्वरी साहू एवं समस्त ग्रामवासी मल्लिन मोहतरा


ग्राम पंचायत टोनातार वि.खं.
भाटापारा की ओर से
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
विष्णु कोसले
सरपंच
कुलेश्वर पिंकू वर्मा
उपसरपंच निर्वाचित
रामेश्वर लहरी
सचिव
पंचगण : डिगेश वर्मा, धनेश्वरी ध्रुव, मंजू ध्रुव, तामेश्वरी ध्रुव,
अमृत ध्रुव, ललिता साहू, पूर्णिमा ध्रुव, राहुल कुमार,
धृतलहरे मंजू दिवाकर, कौशिल्या रजक, सुभद्रा रजक,
ओमेश कांत, दीपक यादव, रेखा वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी


ग्राम पंचायत भद्रापाली वि.खं. बलौदाबाजार की ओर से
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
गीता डोमन वर्मा
जि.पं. सदस्य
डोमन वर्मा
पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष
वेदेश्वरी त्रिलोक यादव
जनपद सदस्य
रीना वर्मा
सरपंच
भूषण वर्मा
सचिव
देवप्रकाश वर्मा
सरपंच प्रतिनिधि
दुलेश्वर कुमार वर्मा
उपसरपंच
गोपीचंद पटेल
रोजगार सहायक
पंचगण
उर्मिला ध्रुव
निखिल साहू
झंगलू वर्मा
सरस्वती मानिकपुरी
संतोषी वर्मा
लोकेश्वरी वर्मा
रोमनाथ वर्मा
राजेश कुमार साहू
गुलाब बाई साहू
प्रियंका यादव
अशोक वर्मा
किरण वर्मा
सालिक राम वर्मा
रेखा बाई रजक
मोहित ध्रुव
एवं समस्त ग्रामवासी मुढ़ीपार भद्रापाली

